पावरग्रिड POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

# PRESS RELEASE

For Immediate Use

## POWERGRID Acquires Four Major ISTS Projects to Strengthen Renewable Energy Integration

Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID) – a Maharatna CPSU under Ministry of Power, has successfully acquired four (04) Project Special Purpose Vehicles (SPVs) to execute Inter-State Transmission Projects related to transmission of renewable energy. The SPVs, acquired through Tariff Based Competitive Bidding (TBCB), include 'Khavda PS1 and 3 Transmission Limited ', 'Barmer I Transmission Limited ', acquired from the Bid Process Coordinator PFC Consulting Limited (PFCCL) and the SPVs 'Bikaner A Power Transmission Limited', and 'Bikaner B Power Transmission Limited' acquired from the Bid Process Coordinator REC Power Development & Consultancy Limited (RECPDCL). These projects will support the integration and transmission of green energy across various states. All the four aforementioned projects are Inter-State Transmission System Projects and are to be commissioned in 24 months.

Khavda PS1 and 3 Transmission Limited shall implement a transmission system comprising establishment of 02 nos. of ±300 MVAR STATCOM at KPS1 and 1 no. ±300 MVAR STATCOM at KPS3. This project is part of RE power evacuation of Khavda area in Gujarat and includes provision of Dynamic Reactive Power Compensation [STATCOMs with mechanically switched capacitors (MSC) and reactors (MSR)] to help in real-time adjustment of reactive power in an electrical system to maintain optimal voltage levels.

Barmer I Transmission Limited shall implement a transmission system comprising establishment of new 765/400/220 kV Barmer-I Pooling sub-station, 765kV & 400kV D/C Transmission Lines and associated bays extension works at other existing substation in the state of Rajasthan. This project is part of the transmission scheme for evacuation of 5.5 GW of renewable power from Jaisalmer/Barmer Complex (Fatehgarh-IV: 4 GW, Barmer: 1.5 GW).

Bikaner A Power Transmission Limited shall implement a transmission system comprising establishment of 765/400/220 kV Bikaner IV pooling substation along with STATCOM and MSC/MSR equipment, 765 kV D/c transmission line traversing in the states of Rajasthan & Haryana connecting Bikaner IV to Siwani S/s, various 400 kV D/c lines traversing through the states of Rajasthan, Punjab, & Haryana along with bay extension works for the above lines at existing substations in the states of Haryana and Punjab.

Bikaner B Power Transmission Limited shall implement a transmission system comprising establishment of new 765/400/220 kV Siwani sub-station along with STATCOM and MSC/MSR equipment, 765kV D/C (2nd) Transmission Line traversing in the states of Rajasthan and Haryana connecting Bikaner IV and Siwani, various 400kV D/C Transmission Lines traversing through the state of Haryana along with bays extension works for the above lines at existing substations in the state of Rajasthan and Haryana.

The Bikaner A & B projects are designed to evacuate an additional 6 GW of renewable energy from the Bikaner Complex (Bikaner IV PS), fortifying India's capacity for sustainable energy distribution.

POWERGRID, through its SPVs, is actively implementing various transmission projects under the build, own, operate and transfer (BOOT) model, furthering India's commitment to a sustainable energy future. These projects are instrumental in supporting the national goal of 500 GW of non-fossil fuel-based generation capacity by 2030, reducing dependency on fossil fuels, and integrating renewable energy into the National Grid.

As of 31st October 2024, POWERGRID operates 280 Sub-stations with over 1,78,975 ckm of transmission lines and 5,43,961 MVA of transformation capacity. With the adoption of latest technological tools and techniques, enhanced use of automation and digital solutions, POWERGRID has been able to maintain average transmission system availability of about 99.8%.

***Issued by:***

*Team Corporate Communications*
*Follow us on twitter: @pgcilindia*
*www.powergrid.in*
*e-mail: powergrid.pr@powergrid.in*

# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग के लिए

## पावरग्रिड ने नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण को सुदृढ़ करने के लिए चार प्रमुख आईएसटीएस परियोजनाओं का अधिग्रहण किया

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) - विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सीपीएसयू ने नवीकरणीय ऊर्जा के पारेषण से संबंधित अंतर-राज्य ट्रांसमिशन परियोजनाओं को लागू करने के लिए चार (04) प्रोजेक्ट स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) का सफलतापूर्वक अधिग्रहण किया है। टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटेटिव बिडिंग (टीबीसीबी) के माध्यम से '**खावड़ा पीएस1 और 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड**' *एवं* '**बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड** 'को बोली प्रक्रिया समन्वयक पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) से अधिग्रहित किया गया है, जबकि शेष दो एसपीवी '**बीकानेर ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड**' और **बीकानेर बी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड** को बोली प्रक्रिया समन्वयक आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) से अधिग्रहित किया गया है। ये परियोजनाएं विभिन्न राज्यों में हरित ऊर्जा के एकीकरण और पारेषण में सहयोग करेंगी। उपरोक्त सभी चार परियोजनाएं अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाएं हैं और इन्हें 24 महीनों में कमीशन किया जाना है।

खावड़ा पीएस1 और 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के माध्यम से एक पारेषण प्रणाली को लागू किया जाएगा जिसमें केपीएस1 पर ±300 एमवीएआर के 2 स्टेटकॉम और केपीएस3 पर ±300 एमवीएआर के 1 स्टेटकॉम की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना गुजरात में खावड़ा क्षेत्र की आरई बिजली निकासी का हिस्सा है और इसमें विद्युत प्रणाली में इष्टतम वोल्टेज स्तर बनाए रखने के लिए रिएक्टिव पावर के रियल टाइम एडजस्टमेंट को संभव बनाने हेतु डायनामिक रिएक्टिव पावर कम्पेन्सेशन [यांत्रिक रूप से स्विच किए गए कैपेसिटर (एमएससी) और रिएक्टर (एमएसआर) के साथ स्टेटकॉम] का प्रावधान है।

बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा एक पारेषण प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें राजस्थान राज्य में 765/400/220 केवी के नए बाड़मेर-I पूलिंग सब-स्टेशन की स्थापना, 765 केवी और 400 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइनों और अन्य मौजूदा सब-स्टेशनों पर संबंधित बेज एक्सटेंशन कार्य शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन परियोजना जैसलमेर/बाड़मेर कॉम्प्लेक्स (फतेहगढ़-IV: 4 गीगावॉट, बाड़मेर: 1.5 गीगावॉट) से 5.5 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा के निकासी की व्यापक योजना का हिस्सा है।

बीकानेर ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक ट्रांसमिशन प्रणाली लागू करेगा जिसमें स्टेटकॉम और एमएससी/एमएसआर उपकरण के साथ 765/400/220 केवी बीकानेर IV पूलिंग सबस्टेशन की स्थापना, राजस्थान और हरियाणा राज्यों से होकर गुजरते हुए बीकानेर IV को सिवानी सबस्टेशन से जोड़ने वाली 765 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन तथा राजस्थान, पंजाब और हरियाणा राज्यों से गुजरने वाली विभिन्न 400 केवी डी/सी लाइनों के साथ-साथ हरियाणा और पंजाब के मौजूदा सबस्टेशनों में बे एक्सटेंशन कार्य शामिल हैं।

बीकानेर बी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक ट्रांसमिशन प्रणाली लागू करेगा जिसमें स्टेटकॉम और एमएससी/एमएसआर उपकरण के साथ 765/400/220 केवी सिवानी सबस्टेशन की स्थापना, राजस्थान और हरियाणा राज्यों से होकर गुजरते हुए बीकानेर IV को सिवानी सबस्टेशन से जोड़ने वाली दूसरी 765 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन तथा हरियाणा राज्य से गुजरने वाली विभिन्न 400 केवी डी/सी लाइनों के साथ-साथ हरियाणा और राजस्थान के मौजूदा सबस्टेशनों में बे एक्सटेंशन कार्य शामिल हैं।

बीकानेर ए और बी परियोजनाएं बीकानेर कॉम्प्लेक्स (बीकानेर IV पीएस) से 6 गीगावॉट अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए डिज़ाइन की गई हैं, जिससे भारत की स्थायी ऊर्जा वितरण क्षमता मजबूत होगी।

पावरग्रिड, अपने एसपीवी के माध्यम से, निर्माण, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) मॉडल के तहत विभिन्न ट्रांसमिशन परियोजनाओं को सक्रिय रूप से कार्यान्वित कर रहा है, जो एक स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है। ये परियोजनाएं 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित उत्पादन क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करने, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करने में सहायक हैं।

31 अक्टूबर 2024 तक पावरग्रिड द्वारा 1,78,975 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों, 280 उप-केंद्रों और 5,43,961 एमवीए की ट्रांफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर संचालित किया जा रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों व तकनीकों को अपनाने तथा स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से पावरग्रिड 99.8% से अधिक की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

जारीकर्ता:
टीम केंद्रीय संचार
हमें ट्विटर पर फ़ॉलो करें: @pgcilindia
www.powergrid.in
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in